
सभी पढ़ें!!!!

~~इन्हें रहने~~


# पॉल की डायरी

2017



## 1 मई

प्रिय डायरी! आखिरकार हम, अर्थात मांए तृक्षी और मैं शहर में चले गए हैं। अब सब कुछ ठीक हो जाएगा।



मेरा कमरा
(ज़बरदस्त दृश्यद्ध)


## 2 मई



प्रिय डायरी! मैं तृक्षी के साथ आज एक खोज दौरे पर था। कॉलोनी ;आबादीद्ध तक पैदल पहुंचने का एक लम्बा रास्ता है। मां ने फोल्डिंग साईकिल ले ली। इसकी काठी बहुत ऊंची है, लेकिन इस पर तृक्षी के लिए एक टोकरी भी लगी हुई है।

## 3 मई

प्रिय डायरी! आज नए स्कूल में मेरा पहला दिन था और ब्रेक के दौरान मैं फुटबॉल भी खेल सकता था। तीन गोल! श्रीमति श्टुरम ने बतौर कला मेरे चित्र की प्रशंसा की और यह चित्र सभी को दिखाया। ग्मनाक! किन्तु क्या मुझे एमी का वाईनहाउस पसंद है या नहीं। एमी कौन है ?



माँ को जन्मदिन का उपहार देने के लिए एक चित्र बनाना है, शायद फ्रेम के साथ।

मुझे मां के चित्र के लिए एक फ्रेम मिल गया, जिसका मूल्य 49 योरो था, जो कि मेरे पांच महीने के जेब–खर्च के बराबर था। क्या इनके पास कोई खासियत है? पूरी चांदी में और पूरे तौर पर उत्कृष्ट।





## 4 मई

प्रिय डायरी! हमारी राजनीतिक शिक्षक महान है। उसका नाम माया है। हम उसकी पहली कक्षा हैं और वह बहुत अच्छी है। आज हमने संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के बाल अधिकारों के बारे में कुछ सीखा है। यह एक तरह की कानून की किताब है, जिसका सभी देशों को पालन करना चाहिए। इसमें मेरे तीन पसंदीदा लेख निम्नलिखित हैं:

.लेख 12: सभी बच्चों को अपनी राय देने की अनुमति है और युवाओ को यह सब सुनना' चाहिए और उन्हे' हमें गंभीरता से लेना चाहिए।

'मां को बताएं!

लेख 17: क्योंकि हमें एक अच्छे जीवन के बारे में जानने की आवश्यकता है", इसलिए बच्चों को मोबाइल फोन, कंप्यूटर दूरदर्शन और हर वस्तु की अनुमति है"




लेख 37: बच्चों की सज़ा पर प्रतिबंध

'तो मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगा दें! हां!

इस में बाल श्रम भी शामिल है। माया कहती है कि यह दुनियाभर में होता है। स्कूल जाने की बजाए बहुत से बच्चे बहुत कम पैसों पर या फिर बिना पैसों के बहु कठोर श्रम करते हैं और उनके साथ बहुत बुरा व्यवहार भी किया जाता है। जल्द ही अर्जेन्टीना में एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में यह सुझाव दिया जाएगा कि इन बच्चों की अच्छी तरह से सुरक्षा कैसे की जाए। किन्तु इस सम्मेलन में बच्चों को आमंत्रित नहीं किया जाएगा! क्या यह विश्वास करने योग्य है?

## 6 मई

प्रिय डायरी!
यहां पड़ोस में एक लड़का विज्ञापन वितरित करता है। मैंने सोचा कि मुझे नौकरी कैसे मिल सकती है। उस लड़के ने कहा कि मैं अभी बहुत छोटा हूं। किन्तु सप्ताह के अंत में मैं उसके लिए काम कर सकता हूं। वह कहता है कि वह मेरे साथ अपना वेतन बांट लेगा और मुझे 30 यूरो मिलेंगे। इस तरह से बचत करके यह पैसे फ्रेम लेने के लिए पर्याप्त हो'गे।





## 7 मइ


प्रिय डायरी! आज से मैं भी एक कामकाजी बच्चा हूं। स्कूल के ठीक बाद उस लड़के ने मुझे एक गाड़ी और कार्ययोजना दी। मैंने लगभग पूरे पड़ोस में विज्ञापन वितरण का काम पूरा कर दियाय 13 घर थे और 312 लैटर बॉक्स थे। एक ने तो मेरे हाथ पर भी काट लिया।

## 8 मई

7 घंटे, 295 घर और 825 लैटर बॉक्स थे और सब कुछ मैंने बारिश में ही किया। मैं पूरी तरह से थक गया था। मां ने समझा कि मैं फुटबॉल खेलने गया था। अगले दिन मुझे बिस्तर पर ही रहना पड़ा।

## 9 मई

प्रिय डायरी! मैं जल्दी उठ गया और तृक्षी को भी साथ ले लिया ताकि मां को पता न चले। अंतिम 500 अखबार बांटने में 3 घंटे लगे और 100 अखबार मैंने रद्दी की टोकरी में फेंक दिए, नहीं तो मेरा काम समाप्त ही नहीं होना था। मैंने गाड़ी लड़के को वापिस कर दी, किन्तु उसने मुझे केवल 15 यूरो ही दिए और कहा, "बाकी के 15 यूरो काम देने के लिए मेरा शुल्क है" – धोखेबाज़ लड़का!









सुपरमाया विश्व के सभी कामकाजी बच्चों का अध्ययन करने के लिए यात्रा पर निकली। जैसा कि उसने कहा कि वह इनमें से बहुत से बच्चों को मिलना चाहती थी और अपने सुपर सर्वेक्षण बलों के साथ खोज करना चाहती थी कि ये बच्चे क्या करते हैं? श्रम क्यों करते हैं? और कैसे करते हैं?

अपने सुपर सर्वेक्षण बलों के साथ वह निम्नलिखित महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करना चाहती है:


तुम्हें अपने जीवन का एक दिन कैसा दिखाई देता है? तुम कितना समय स्कूल का काम करते हो? कितना समय खेलते हो और कितना समय आराम करते हो?

सुपर सर्वेक्षण बल का प्रश्न .....का एक दिन जीवन



तुम अपने काम में क्या करना पसंद करते हो और क्या करना पसंद नहीं करते?

सुपर सर्वेक्षण बल का प्रश्नः शारीरिक मानचित्रणः किसको क्या करना चाहिए,






ताकि तुम्हारा जीवन बेहतर हो सके? सुपर सर्वेक्षण बल का प्रश्नः समर्थन का फूल ;श्सवूमत वनिचवतजद्ध


"इसके द्वारा हम बाल श्रम पर एक रिपोर्ट तैयार करके व्यक्तिगत तौर पर अर्जेन्टीना ले जाएंगे। इस तरह जहां तक सम्भव हो सके महत्वपूर्ण लोग इसे सुन सकेंगे कि श्रम करने वाले बच्चे क्या कहते हैं!" मैंने कहा कि यह एक महान कार्य है। इसलिए मुझसे पूछा गया कि क्या मैं भी साथ चल सकती हूं। उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता है जो सब कुछ लिख सके। मैंने कहा हां, यह काम करने में मुझे खुशी होगी और तृक्षी ने अपनी पूंछ हिलाई। सुपर माया खुशी से उछल पडी।






माया के सुपरमोबाईल के साथ हम दक्षिण अमेरिका में सुपर फास्ट थे। हम वहां सात देशों में श्रम करने वाले बच्चों से मिले।

मारिया उनमें से एक थी। वह 13 वर्ष की है और अपने माता–पिता और पांच छोटे बहन भाईयों के साथ पेरु के एक गांव में रहती है। उसका पिता बीमार रहता है और काम नहीं कर सकता। इसलिए मारिया को सहायता करनी पड़ती है। स्कूल से पहले वह घर का काम निपटाती है और स्कूल के बाद वह कचरा इकठ्ठा करने का काम करती है। शनिवार को उसे पूरा दिन काम करना पड़ता है। उसके वेतन से परिवार चावल और बीन्स खरीद सकता है।






अन्य बच्चों ने हमें अन्य कारण बताए, कि उन्हें क्यों श्रम करना पड़ता है। इन्होने निम्नलिखित कारण बताए हैं:

इनके माता–पिता/परिवार को सहायता की आवश्यकता है ✪ परिवार गरीब है या परिवार को अन्य समस्याएं हैं ✪ कुछ खरीदने की इच्छा है या स्वतंत्र होना चाहते हैं ✪ स्कूल के खर्चों का भुगतान करने के लिए ✪ काम करने में आनंद आता है ✪कुछ सीखने का अवसर मिलता है ✪ बेहतर भविष्य बनाने की इच्छा











एशिया के 8 देशों के बच्चों ने भी खुशी से अपने कामकाजी जीवन के बारे में बताया। भारत के बंजु ने भी बताया। वह 15 वर्ष का है और अपने दादा–दादी के साथ रहता है। उसके माता–पिता काम की तलाश में शहर चले गए हैं। बंजु सुबह अपनी दादी की सहायता करता है। स्कूल के पश्चात और शनिवार को वह एक ऑटो मरम्मत ;ऑटो वर्कशापद्ध में काम करता है। उसे बहुत कम वेतन मिलता है किन्तु वह कारों के बारे में बहुत कुछ सीखता है। क्योंकि वह एक अच्छा कार मैकेनिक बनना चाहता है, इसलिए उसे यह काम बहुत पसंद है। उसका सपना नौकरी करना है और उसे पैसा कमाना पसंद है। इस तरह बंजु अपने दोस्तों के साथ घूम फिर सकता है।





अधिकतर बच्चे निम्नलिखित परिस्थितियों में काम ;श्रमद्ध करना पसंद करेंगे:

यदि उनके साथ अच्छा और सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए, ✪ यदि उनके काम की प्रशंसा और सराहना की जाए, ✪ यदि उन्हे जिम्मेदारी लेने की अनुमति हो, ✪ यदि वे अपने काम पर गर्व करने की स्थिति में हों, ✪ यदि उन्हे काम करने के माध्यम से आय होती हो, ✪ यदि वे काम करने के माध्यम से जीवन में कुछ सीख सकते हों, ✪ यदि वे परिवार के निकट रहकर परिवार की सहायता कर सकते हों ✪ यदि दोस्त और वयस्क उनको प्रोत्साहित करें और उनका ध्यान रखें।

## किन्तु कुछ बातें ऐसी हैं जो कि बच्च अपने काम के बारे में पसंद नहीं करते



किर्गीस्तान की दशा को डांट–डपट, चिल्लाना या इससे बदतर और बातें पसंद नहीं है। दशा 12 वर्ष की है और वह अपने मां और भाई के साथ मोरगन शहर में रहती है। वह स्कूल में पढ़ती है और दोपहर बाद वह बतौर सड़क विक्रेता ;स्ट्रीट वैंडरद्ध के रुप में काम करती है। सड़क पर वह अपने दोस्तों ;सहेलियोंद्ध से मिलती है। वे भी काम करती हैं। दशा को पेन, पैन्सिल, कापियों और किताबों के लिए पैसों की आवश्यकता है। यह काम थकाऊ है। काम के दौरान उसे हमेशा सामान उठा कर पैदल चलना पड़ता है। लेकिन दशा को खुद पर गर्व है। इस तरह से उसकी मां को अकेले काम करके पैसा नहीं कमाना पड़ता

### चाहे बच्चे कैसा भी और कहीं भी काम करें, किन्तु अपने काम में — उन्हे निम्नलिखित बातें बहुत कम पसंद हैं: जैसे कि, रू

- डांट–डपट, चिल्लाना और मारना,
- चोट लगना और दुर्घटनाएं,
- कोई बुरी नौकरी, भारी शरीरिक कार्य,
- स्वयं ज्यादा निर्णय लेना
- ऊपर से दबाव और बहुत कम ब्रेक,
- बहुत कम वेतन,
- निराशावादी कामः बहुत प्रयास किन्तु थोड़ा वेतन
- थकान
- लोगों को किसी के बारे में बुरा लगना
- अकेले काम करना
- सीखने के समय का अभाव





इतने बड़े अफ्रीका में केन्या हमारे ग्यारहवें स्थान पर था। हम बहुत सारे बच्चों से मिले। किन्तु प्रत्येक बच्चे ने बिलकुल ठीक–ठीक बता दिया कि कौनसा काम किसी बच्चे के लिए ठीक है और कौन सा नहीं। ग्यारह ;11द्ध वर्षीय डायरो अपने दो बड़े भाइयों और एक छोटी बहन के साथ गांव में एक झोपड़ी में रहता है। हर रोज सुबह वह परिवार की भेडों को चारा देता है। फिर वह पैदल स्कूल जाता है। किन्तु स्कूल अधिक दूर नहीं है। छात्र होना उसके लिए बड़े गर्व की बात है। घर आते हुए रास्ते में वह अपनी मां के लिए खाना पकाने के लिए लकड़ी लेकर आता है। दोपहर बाद वह अपना स्कूल का काम ;होमवर्कद्ध करता है और रात के खाने तक बाहर अपने दोस्तों के साथ खेलता रहता है। उसने हमें बताया कि काम उसके लिए बिलकुल ठीक है, क्योंकि काम करना उसके लिए आसान है और उसे अपने दोस्तों के साथ खेलने का समय भी मिल जाता है।

### — हमने बच्चों से पूछा कि कौन सी परिस्थितियों में उनके लिए काम करना ठीक है। उन्होने अक्सर निम्नलिखित जवाब दिएः —

- आसानी से किए जाने वाला काम
- हानिरहित और सुरक्षित काम
- जो काम घर पर या घर के निकट किया जा सके
- जो काम परिवार/वयस्कों की सहायता से किया जा सके
- जिससे पढ़ाई करने और स्कूल आने में बाधा न पड़ती हो खेलने और आराम करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके




### क्या लडके और लड़कियां एक–सा काम करती हैं?

बच्चों ने कहा नहीं, किन्तु इस विषय पर मतभेद हैं। लड़कियों का विचार है कि खाना पकाना, बर्तन धोना, पानी लाना, भाइयों और बहनों की देखभाल करना, कटाई सिलाई और केश श्रृंगार करना लड़कियों के लिए ठीक है। लडकों ने कहा कि उनके लिए खेत में सहायता करना, दुकान या बाग में काम करना, शिल्पकला और मरम्मत का कार्य ठीक है।





डायरो अपने काम से खुश था। एंडर्स और फरीदा के परिवार युद्व से पहले सीरिया और जॉर्डन भाग गए थे। माता–पिता को बहुत कठिन काम मिला। शरणार्थियों को काम करने की अनुमति नहीं है। हालांकि उन्हें काम करने की अनुमति नहीं है, फिर भी शरणार्थियों के बच्चों को काम पर रख लिया जाता है। क्योंकि बच्चे वयस्क श्रमिकों से सस्ते हैं और निरीक्षण के दौरान वे तेज़ी से बचकर भाग जाते हैं, इसलिए उन्हें काम पर रख लिया जाता है। सबसे बढ़ी बेटी फरीदा 15 वर्ष की है, इसलिए वह परिवार की सहायता करती है। फरीदा ने स्पष्ट किया कि वह सप्ताह में छः दिन एक खेत मे टमाटर तोड़ने का काम करती है। कीटनाशक दवाइयों के कारण उसकी आंखें हमेशा दर्द करती हैं और सूरज की गर्मी से उसकी चमड़ी जलने लगती है। उसे इस बात का बहुत दुःख है कि वह यहां स्कूल नहीं जा सकती और उसके पास अपनी सहेलियों के साथ खेलने का समय भी नहीं है।





—हमने बच्चों से पूछा कि किन परिस्थितियों में उनके लिए काम करना ठीक नहीं हैं। उन्होने आम तौर पर निम्नलिखित उत्तर दिए:

श्रम करना अस्वस्थ और असुरक्षित है तथा चोट लगने और दुर्घटनाओं का खतरा रहता है। वे अभी बहुत छोटे या बहुत कमजोर हैंय श्रम बहुत कठिन है और श्रम करना वर्जित है। श्रम करना उनके लिए बहुत खतरनाक है। श्रम करना उनकी पढ़ाई में बाधक है। श्रम बहुत कम वेतन या बिना वेतन का है और अधिक घंटे करना पड़ता है। धर्म या संस्कृति भी यह नहीं चाहती।







हमने 36 देशों का दौरा किया और 1822 बच्चों से मिले। सभी किसी न किसी ढंग से काम करते हैं। कुछ बच्चों के लिए यह अच्छा है। उनकी सराहना होती है और वे कुछ सीखते हैं तथा अपने परिवारों की सहायता करते हैं। किन्तु बहुत से बच्चों को नुकसान भी होता है। क्या काम अच्छा है या बुरा, इसके कुछ कारण/कारक हैं!

| सुरक्षात्मक कारक निम्नलिखित हैं: बच्चा..... | और जोखिम कारक निम्नलिखित हैं: बच्चे को यदि..... |
|---|---|
| नियमित रुप से स्कूल जा सके | भारी और खतरनाक काम करना पड़े |
| वह बच्चों के संघ का सदस्य हो | काम करने के लिए मजबूर किया जाता हा |
| काम देते समय इसका निर्णय भी किया जाना चाहिए | उसे रात के समय काम करना पड़े |
| उसे केवल हल्का काम करना चाहिए | सड़क पर काम करना पड |
| उसे प्यार, देखभाल और समर्थन का अनुभव होना चाहिए | वह माता–पिता के पास न रहता हो |
| उसके काम करने का स्थान माता–पिता के निव. इस स्थान के निकट होना चाहिए | अधिक देर तक काम करना पड |
| वह किसी गांव का निवासी हो और स्कूल के और अन्य खर्चे करने में समर्थ हो। | यदि वह एक असुरक्षित देश में रहता हो |
| | और उसके परिवार को बचकर भागना पड़े। |



10 मई

प्रिय डायरी! दुनियाभर की शानदार यात्रा के बाद ;ठीक मां के जन्मदिन के अवसर परद्ध हम घर लौटे। मैं अकल्पनीय बच्चों से मिला। उन्हों ने हमें अपना काम और अपना जीवन दिखाया। उन्होने हमें एक समर्थन का फ ूल ;थ्सव ूमत व िनचचवतजद्ध भी दिया। फ ूल की शुभकामना ;पुष्प ग्रीटिंगद्ध उन सभी लोगों को संदेश देती है, जो बच्चों को उनके जीवन में सुधार लाने में सहायता करते हैं।









## कई उपयुक्त समाधान

बच्चों और परिवारों के बारे में यह जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है कि वे कहां और कैसे रहते हैं और बच्चे काम क्यों करते हैं। फिर यह तथ्य ज्ञात हो जाएगा कि उनके जीवन बहुत अलग–अलग हैं। इसलिए बहुत से समाधानों की आवश्यता है। हर बच्चे के लिए उचित समाधान।

## गरीबी का समाधान

सरकारों को परिवारों के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। नौकरियां पैदा करनी चाहिएं और जब वे बीमार हों और कोई काम न ढ ूंढ सकें तो माता–पिता की सहायता करनी चाहिए। फिर बच्चों को खराब परिस्थितियों में काम करने की आवश्यकता नहीं होगी। इस तरह वे स्क ूल भी जा सकते हैं और खाली समय में खेल भी सकते हैं।

## बच्चों के अधिकारों को द ृढ़ करना

बच्चों को अपनी राय व्यक्त करने, स्वंय के लिए स ूचना प्राप्त करने, साथ–साथ काम करने और इकट्ठा होने का अधिकार है। इसलिए हर किसी को यह तथ्य समझना चाहिए। विशेष तौर पर उन लोगों को जो बच्चों की दुनिया में रहते हैं, उन्हें परिवारों, स्क ूलों, श्रम, समुदायों और राजनीति को समझना चाहिए। हर किसी को बच्चों के विचारसुनने चाहिए और उन्हें गंभीरता से लेना चाहिए।

## शिक्षा संभव बनाओ बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है।


सभी शहरी बच्चों, ग्रामीण बच्चों, शरणार्थी बच्चों और यहां तक की द ूर रहने वाले बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। हर बच्चा बिना फीस दिए अच्छे स्क ूल में पढ़ाई करने में सक्षम होना चाहिए। हर युवा व्यवसायिक प्रयास करने और व्यवसाय सीखने की स्थिति में होना चाहिए।

## शोषण रोकना चाहिए

बच्चों को खतरनाक और हानिकारक कार्यों से संरक्षित किया जाना चाहिए। बच्चों को उन कार्यों से संरक्षित करना चाहिए, जो वे अपनी इच्छा के विरुद्ध करते हैं, जो वे बहुत कम वेतन या बिना वेतन के करते हैं या फिर जो काम वे बहुत लंबे समय तक करते हैं। विशेष तौर पर बच्चों को उन कामों से संरक्षित किया जाना चाहिए जो निषिद्ध हैं। इस संबध में कान ून और नियमों का पालन किया जाना चाहिए।

## बच्चों का हिंसा से बचाव

बच्चों को हिंसा से संरक्षित किया जाना चाहिए। चाहे हिंसा परिवार में हो, स्क ूल में हो, या काम के स्थान पर हो और या फिर कहीं भी होय बच्चों को हिंसा से बचाना चाहिए। इसलिए बाल सुरक्षा प्रणालियों को बनाने और प्रचलित करने की आवश्यकता है। कृपया अपने समर्थन के फ ूल में अपना संदेश उन सभी लोगों को लिखें जो आपकी नौकरी और आपके जीवन को बेहतर और सुरक्षित बना सकते हैं।



क्या तुम काम करती हो?
तुम कौन हो?
अपने बारे में हमें बताओ!

मेरा नाम:

मेरी आयु:

मेरा जीवन

मेरा परिवार:

मेरे मित्र:

मेरे सपने:





अपना संदेरा उस हर व्यक्ति के लिए
लिखें जो आपके कार्य और आपके
जीवन को फ्लॉवर ऑफ सपोर्ट में बेहतर
बना सकता है।

वाउ
वाउ वाउ
वाउ!



तृक्षी के पास भी पॉल के लिए एक संदेश है:
मेरे साथ छडियां फेंकने का खेल खेलो और मेरी गरदन
पर गुदगुदी करो, हां?

# नोट





# नोट

विशेषकर उन 1822 बच्चों और युवाओ का विशेष धन्यवाद किया जाता है, जिन्होंने सर्वेक्षण के दौरान अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से हमें अपना समर्थन दिया है और काम करने वाले बच्चों के रुप में अपने जीवन का खुलासा किया है। आपकी राय, आपके सपने, आपकी शुभकामनाओं और आपके सुझावों ने ही हमारे काम को सम्भव बनाया है। इसके अतिरिक्त हम बच्चों की समिति के उन सभी सहभागी बच्चों और युवाओं का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने बतौर सलाहकार, शोधकर्ता और समर्थक हमारा समर्थन किया है।







प्रकाशन सूचना
प्रकाशक
बच्चों के लिए आपात समर्थन, जर्मनी
टेरे डेस होमेस अंतरराष्ट्रीय संघ (Terre des Hommes International Federation)

डिज़ाइन एवं संकल्पना
मनाना क्रिएटिवलरो, डसेलडोर्फ
ूण्उंदपंदं.कमेपहदण्कम
सारा–लेना गोबेल एवं डेनियल बोले

चित्रण
जियोर्ज़ फ्रोव, बर्लिन

कहानी कहने की कला
कीसटियान मात्सेराथ, डयूसलडोरफ
ऐनी याकूब, बच्चों के लिए आपात समर्थन के समर्थन से

इनके द्वारा सह वित्त–पोषितः
Federal Ministry
for Economic Cooperation
and Development

यह प्रकाशन विश्वव्यापी बाल अधिकार परियोजना के प्रकाश्न का भाग है "यह बात करने का समय है – बाल श्रम पर बच्चों के विचार" 36 देशों में कार्यरत बच्चों और युवाओं के परामर्श की अंतिम रिपोर्ट पर आधारित हैं।

परियोजना और रिपोर्ट के बारे में अधिक जानकारी के लिए
www.time-to-talk.info देखे



अधिक जानकारी वयस्क रिपोर्ट में उपलब्ध है।

kinder not hilfe

Terre des Hommes
International Federation